कार्रवाई

साप्ताहिक बाजार में सड़क पर दुकान लगाने वालों पर प्रशासन सख्त

व्यापारियों के खिलाफ की गई चालानी कार्रवाई

नवभारत/ नरसिंहपुर/ साईखेड़ा। नगर के मुख्य मार्ग (मेन रोड) पर साप्ताहिक बाजार के दिन लगने वाले भीषण जाम से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए नगर परिषद और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाल लिया है। प्रशासन ने सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले व्यापारियों के खिलाफ कड़ी चालानी कार्रवाई की और भविष्य के लिए सख्त हिदायत दी।

जाम से जनता थीं त्रस्त

साईखेड़ा के मुख्य मार्ग पर साप्ताहिक बाजार के दौरान सड़क के दोनों ओर दुकानें सजने के कारण पैदल राहगीरों और वाहन चालकों का निकलना दूभर हो जाता था। कई बार इस जाम की वजह से एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी फंसे रहते थे। स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से मांग थी कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

कार्रवाई से मचा हड़कंप

बुधवार को पुलिस थाना साईखेड़ा और नगर परिषद की संयुक्त टीम जब दल-बल के साथ मेन रोड पर उतरी, तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान निम्नलिखित कदम उठाए गए। सड़क से हटवाई गईं दुकानें- सड़क की सीमा में दुकान लगाने वाले व्यापारियों का सामान हटवाकर उन्हें निर्धारित बाजार स्थल पर जाने के निर्देश दिए गए।

आर्थिक दंड : बार-बार समझाइश के बाद भी सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया।

सख्त निर्देश: थाना प्रभारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि भविष्य में साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य मार्ग पर दुकानें पाई गईं, तो सामग्री जब्त करने जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों की मौजूदगी

इस विशेष अभियान के दौरान साईखेड़ा थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (ष्टरूह्), पुलिस बल और नगर परिषद का राजस्व अमला सक्रिय रहा। अधिकारियों ने स्वयं मौके पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था को सुचारू करवाया।

प्रशासन की अपील

नगर परिषद प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी दुकानें नियत स्थान पर ही लगाएं ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे। कई बार इस जाम की वजह से एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी फंसे रहते थे। साथ ही, नागरिकों से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है ताकि बाजार के दिन किसी को असुविधा न हो।

मानेगांव की बाणगंगा नदी में 81 बोरियों का हुआ बंधान

नरसिंहपुर। मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में जल संचय अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम कल्याणपुर के पास बारूरेवा नदी में 74 और ग्राम मानेगांव की बाणगंगा नदी में 81 बोरियों का बंधान कर जल संरक्षण व संवर्धन का कार्य किया गया। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर जयनारायण शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान नवांकुर संस्था जय ज्वाला शिक्षा प्रचार प्रसार समिति नरसिंहपुर के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कल्याणपुर के सहयोग से ग्राम कल्याणपुर के पास बरूरेवा नदी में 74 बोरियों का बंधन जन सहभागिता के साथ किया गया। इसी तरह नवांकुर संस्था प्राणी मित्र समिति के तत्वाधान में ग्राम पंचायत मानेगांव की बाणगंगा नदी में विकासखंड समन्वयक गोटेगांव प्रतीक दुबे के मार्गदर्शन में 81 बोरियों का बंधान किया गया। शर्मा ने बताया कि यह अभियान जिले में 31 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। जल के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में जन सहभागिता के साथ-साथ परिषद की नवांकुर संस्थायों, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम।

ग्राम हीरापुर व कठई में पशुपालकों से किया संवाद

नवभारत/नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप राज्य शासन के निर्देशानुसार पशु पालन एवं डेयरी विभाग विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को बड़ावा देने और पशुपालकों की आय को दोगुनी करने के उद्देश्य से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल के प्रबंधक संचालक डॉ. सत्यनिधि शुक्ला ने जिले के ग्रामों का भ्रमण किया। राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल के प्रबंधक संचालक डॉ. सत्यनिधि शुक्ला ने ग्राम हीरापुर और कठई में पशुपालकों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने पशुपालकों को पशु पोषण, नस्ल सुधार और पशु स्वास्थ्य प्रबंधन की बारीकियों की जानकारी दी। प्रबंध संचालक ने विभाग द्वारा पोर्टल पर दर्ज की गई प्रविष्टियों- डाटा का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन भी किया। विभागीय योजनाओं और अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी क्रम में ग्राम कठई में राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल के प्रबंधक संचालक डॉ. शुक्ला ने डेयरी प्लस योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया। उन्होंने योजना के हितग्राही राघवेंद्र ठाकुर से चर्चा कर उनसे इस योजना के माध्यम से उनके जीवन स्तर और दुग्ध उत्पादन आय सकारात्मक परिवर्तन के बारे में जाना। इसी तारतम्य में उन्होंने गाडरवारा में ब्रीडर एसोसिएशन के संभावित सदस्यों से ब्रीडर एसोसियेशन संबधी चर्चा की। डॉ. शुक्ला ने जिले में संचालित बकरी प्रक्षेत्र उमरिया पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं देखी। उन्होंने प्रक्षेत्र के आगामी विस्तार, प्रस्तावित सुधार और अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रबंधक डॉ. बीके मुड़िया ने प्रक्षेत्र के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उप संचालक डॉ. सुनील ब्रजपुरिया, डॉ. प्रवीण पटेल, डॉ. एमपी तिवारी, डॉ. पूनम दोहरे, डॉ. कुशराम, डॉ. आनंद जैन, लक्ष्मण कौरव, पीयूष साहू आदि मौजूद थे।

डांस प्रतियोगिता में आरोन बने विजेता

नवभारत/गाडरवारा । विगत दिवस जबलपुर में जोश उत्सव संस्था द्वारा गोलबाजार स्थित सेठ गोविन्द दास आडिटोरियम में एक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें डांस कैटेगरी में नगर के आरोन रियान कुमार विजेता रहे उन्हें जोश उत्सव संस्था द्वारा दस हजार रुपये नगद व ट्राफी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । नगर का गौरव बढ़ाने वाले आरोन रियान कुमार वीजसेन वार्ड निवासी स्वप्निल राजकुमार के सुपुत्र एवं संजय राजकुमार पप्पू भैया के पोते हैं । डांस वर्ल्ड क्लास के रोनित राजपूत सहित उनके सभी शुभचिंतकों ने अपनी बधाइयां दी है।

गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने दिल्ली में होगा निर्णायक सम्मेलन

-कंप्यूटर बाबा के मार्गदर्शन में अनुराग भार्गव के निज निवास पर होगी बैठक
-साईखेड़ा में आज जुटेंगे गौभक्त

नवभारत/साईखेड़ा। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के आह्वान पर गौ माता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने और गौ हत्या बंदी की मांग को लेकर आगामी 10 और 11 मार्च को देश की राजधानी दिल्ली में गौ माता निर्णायक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस विशाल आंदोलन की पूर्व तैयारी और रणनीति तैयार करने हेतु सोमवार, 22 दिसंबर को नगर साईंखेड़ा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है।

कंप्यूटर बाबा करेंगे मार्गदर्शन

नगर के जैन मंदिर के समीप स्थित अनुराग भार्गव के निवास पर आयोजित होने वाली इस बैठक में मुख्य रूप से श्रद्धेय कंप्यूटर बाबा जी उपस्थित रहेंगे। उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र के गौ भक्तों को दिल्ली सम्मेलन की रूपरेखा समझाई जाएगी और अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुँचने का संकल्प लिया जाएगा।

शंकराचार्य का संकल्प: गौ माता, राष्ट्र माता

बैठक के आयोजकों ने बताया कि पूज्य शंकराचार्य जी महाराज का स्पष्ट मत है कि जब तक गौ माता को संवैधानिक रूप से राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं मिलता, तब तक सनातनी समाज शांत नहीं बैठेगा। दिल्ली में होने वाला यह सम्मेलन निर्णायक होगा, जिसमें देशभर से लाखों गौ भक्त जुटेंगे। इसी तारतम्य में साईंखड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह बैठक बुलाई गई है।

गौ भक्तों से उपस्थिति की अपील

आयोजक मंडल और नगर के धर्मप्रेमियों ने अपील की है कि आज दोपहर 12:30 बजे अधिक से अधिक संख्या में गौ भक्त बैठक में पहुँचकर गौ सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। बैठक में दिल्ली प्रस्थान, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और प्रचार-प्रसार पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

2 मजदूरों की हालत गंभीर जबलपुर रेफर किए गए

गाडरवारा। कोंडिया के शक्ति शुगर मिल में गन्ने के जूस पाइप लाइन जाम को खोलने गए मजदूर जब लाइन की बॉल खोल रहे थे उसी समय अचानक से फटने से 4 मजदूरों बुरी तरह झुलस गए । तदोपरांत मजदूरों के उपचार के लिए गाडरवारा सिविल अस्पताल ले जाया गया। जंहा प्राथमिक उपचार के बाद मजदूरों की हालत गंभीर होने के कारण नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया । 2 घायल मजदूरों मजदूर नरसिंहपुर जिला अस्पताल में इलाजरत है, बाकी 2 मजदूरों को जबलपुर मेडिकल रेफर किया गया है । घटना में घायल लोगों के नाम , नरेंद्र धानक उम्र 25 वर्ष, निवासी चमचोन, सुनील उम्र 28 वर्ष

निवासी ग्राम चमचौन गाडरवारा ,अजय कौरव 40 वर्ष निवासी केकरा गाडरवारा एवं गंभीर रूप से घायल शोभित उर्फ मुन्ना यादव पिता हरि चंद यादव ,उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम देवरिया यूपी से है ।

एक नजर में

हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस पर धोखाधड़ी का आरोप, पीड़ित ने की थी शिकायत

नवभारत/ गाडरवारा। स्थानीय निवासी सुनील कतिया ने हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस और उससे जुड़े दलालों पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है डॉक्टर सुनील कतिया के अनुसार उन्हें गाडरवारा के निरंजन वार्ड में लगभग 1000 वर्ग फुट के दो मंजिला मकान को हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस से जून 2025 में खरीदा था जिसकी रजिस्ट्री ना होने पर , डॉ ने गाडरवारा थाना एवं एसपी नरसिंहपुर एवं 181 पर शिकायत की थी जिसका निराकरण आज दिनांक तक नहीं हुआ , डॉ का कहना है कि जब 181 भी शिकायत का निराकरण कई महीनों में नहीं करा पाई, तो प्रार्थी कहा न्याय की उम्मीद करे।

बीच बचाव करने पर मारपीट

नवभारत/ गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिव ग्राम बोहानी निवासी गजेन्द्र पिता ज्ञानी जाटव द्वासरा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस उसके घर के पास वही का निवासी अखिलेश जाटव गाली गुप्ता कर रहा था तो प्रार्थी द्वारा उसे रोकते हुये कहा कि यहां पर गाली मत बको। इसी बात को लेकर कुछ देर बात दीपक जाटव एक डंडा लेकर आया और प्रार्थी के साथ डंडा से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई वही जब प्रार्थी की पत्नी बीच बचाव करने के लिये पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

घर के अंदर प्रवेश कर महिला से मारपीट

नवभारत/ गाडरवारा। समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मेहरागांव निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर थी उसी समय गांव का गब्बर राजपूत आया और गंदी गंदी गालियां देने लगा और मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान की गतिविधियों का किया अवलोकन

नवभारत/ नरसिंहपुर। जिले में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को गति देने के लिए चलाए जा रहे दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान (द्वितीय चरण) के तहत सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने करेली विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण कर अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत नागेश पशुपालकों के घर पहुंचे। उन्होंने विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। पशुपालकों से चर्चा करते हुए कम लागत में कैसे अपने दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया जाए और वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने अभियान के मुख्य उद्देश्य के बारे में बताया। निरीक्षण के दौरान एव्हीएफओ करेली सौरभ नागवंशी, विभागीय टीम, क्षेत्रीय गौसेवक और अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

राज्य शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले रविवार को अपनी ई अटेंडेंस और शिक्षकों की वरिष्ठता सूची को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में जाकर सौंपा गया जिसमें उल्लेख किया गया है कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति एक जुलाई 2018 से की गई है।उस दिन के बाद से आज दिनांक तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता न मिलने के कारण अनेक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए। साथ ही मध्यप्रदेश के सरकारी विद्यालयों के शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर निष्ठापूर्वक कार्य करते हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे स्थान बनाते हैं। इसलिए नियमित उपस्थिति के लिए अव्यवहारिक ई अटेंडेंस व्यवस्था को बंद किया जाए। सभी शिक्षकों ने विनम्रता पूर्वक आग्रह किया है कि अध्यापक संवर्ग की उक्त सभी मांगो का शीघ्र निराकरण किया जाये।

पैसा मांगने पर होटल मैनेजर से मारपीट

नवभारत/गाडरवारा। नगर की कंचन होटल मैनेजर द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि रणदीप सिंह गुलाटी नामक व्यक्ति द्वारा कंचन होटल में दो दिन के लिये अपने मेहमानों के आने पर होटल का रूम बुक कराते हुये पैमेन्ट बाद में देने को कहा गया था। प्रार्थी जब गुलाटी की दुकान गया तो वहां पर नही मिला जिसके चलते उनकी पत्नी से पैमेन्ट देने को कहा गया। बीते हुये दिवस जब प्रार्थी अपने होटल में था उसी दौरान गुलाटी आया और गंदी गंदी गालियां देते हुये बोला की मेरी दुकान पैमेन्ट लेने क्या गया। जब प्रार्थी होटल मैनेजर द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

पीएमश्री स्कूल के विद्यार्थियों ने जाना गर्म पानी के कुंड का महत्व

नवभारत/ साईखेड़ा। के पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला खिरका के कक्षा पांचवी के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण हेतु ले जाया गया। भ्रमण में बच्चों को गर्म पानी के कुंड वाले स्थल अनहोनी सलोनी एवं देवी मंदिर दर्शन कराए गए। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को कुंड से निकलने वाले गर्म जल के बारे में बताया एवं विभिन्न खेल खिलाये। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने इस भ्रमण को बहुत ही आनंद और मनोरंजन रूप से आत्मसात किया। सम्पूर्ण भ्रमण में शिक्षक सुषमा तिवारी, शरद कुशवाहा आदि साथ रहे।

धान एकत्र नहीं किये जाने पर पति-पत्नी से मारपीट

नवभारत/गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम खिरिया निवासी एक मजदूर वर्ग के युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि वह केशव मेहरा के खेत पर काम करता है। बीते हुये दिवस जब प्रार्थी व उसकी पत्नी खेत पर धान की कटाई करने के बाद घर जाने लगे तो केशव मेहरा खेत पर शराब के नशे में पहुंचा और बोला की जब तक खेत की पूरी धान एकत्र नही हो जाती है तब तक तुम घर नही जा सकते है। इस बात पर प्रार्थी बोला की शेष धान को बाद में एकत्र कर देगे। इसी बात पर आरोपी द्वारा प्रार्थी को गंदी गंदी गालियां देने लगा। जब प्रार्थी की पत्नी ने आरोपी को गाली देने से मना किया तो पति पत्नी दोनों के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये।

देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है-विवेक सागर

नवभारत/ गाडरवारा। शनिवार को नगर के प्रतिष्ठित क्रियांन स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, एवं भारतीय हाकी टीम के उप कप्तान विवेक सागर प्रमुख रूप से मौजूद रहे कार्यक्रम के उपरांत विवेक सागर पत्रकारों से रूबरू हुए उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वे मध्य प्रदेश के इटारसी के रहने वाले हैं उनकी हाकी खेल मैं आगे बढ़ाने की शुरुआत सन 2015 में हुई उन्होंने भोपाल में हॉकी का पहला कैंप अटेंड किया था विवेक सागर लगभग 25 देश टोकियो, पेरिस, बरेड़ा, वर्मीगाम, जकार्ता, राजगिर, हुलुनबियर, आदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का हुनर दुख चुके हैं जिनमें उन्हें कई उपलब्धियां हासिल हुई है विदेश में तीन उन्हें मेडल भी प्राप्त हुए हैं उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में बताया कि फील्ड हाकी एवं आइस हाकी मैं बहुत अंतर होता है, उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है अंत में कहा कि गाडरवारा ऊर्जावान लोगों की नगरी है यहां विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक को रजनीश, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने गाडरवारा ही नहीं पूरे मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का प्यार एवं स्नेह मुझे हमेशा मिलता रहा है मैं यहां आकर बेहद खुशी महसूस कर रहा हूं, इस मौके पर क्रेयान स्कूल के डायरेक्टर संदीप उपाध्याय एवं पत्रकारगढ़ मौजूद रहे।

नरसिंहपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना

नवभारत/ नरसिंहपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जिले में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जिले में आयोजित की जा रही है। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका क्रिकेट मैच का आयोजन शासकीय पीएम श्री पीजी कॉलेज नरसिंहपुर स्थित ग्राउंड में शनिवार को किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनंत दुबे, प्रमेश शंकर शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नरसिंहपुर राधेश्याम वर्मा, प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास प्रांजलि मर्सकोले, स्पोर्ट ऑफिसर अर्पित सक्सेना, भानु प्रताप प्रजापति, बाल संरक्षण अधिकारी सौनिध्य सराठे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्पोर्ट्स और अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

महाराजा खेतसिंह खंगार जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर

नवभारत/गाडरवारा । खंगार समाज के गौरव अधिपति महाराजा खेतसिंह खंगार की 885वीं जन्म जयंती समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं । जिला खंगार समाज सेवा विकास समिति द्वारा आगामी 27 दिसंबर शनिवार को दोपहर 1बजे से आजाद भवन, चीचली रोड गाडरवारा मे जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राव उदय प्रताप सिंह (स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री म.प्र. शासन) , विशिष्ट अतिथि शिवाकांत मिश्रा (अध्यक्ष- न. पा. परिषद) , नरेश पाठक (पूर्व विधायक), साधना स्थापक (पूर्व विधायक,) मिनेन्द्र डागा (प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, भाजपा), मुकेश मरैया (पूर्व जनपद अध्यक्ष, चीचली), डॉ. योगेश कौरव (जिला पंचायत सदस्य,), चन्द्रकांत शर्मा (मण्डल अध्यक्ष) , राव संदीप सिंह (अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा),

मोहरकांत गुर्जर (अध्यक्ष किसान मोर्चा), प्रियांक जैन (अध्यक्ष युवा मोर्चा) साध्वी अंजू शुक्ला (सदस्य जिला पंचायत) , ठाकुर प्रसाद सिंह खंगार (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खंगार समाज सेवा विकास समिति) विशेष रूप से पधार रहे हैं खंगार समाज सेवा विकास समिति नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष बलदेव प्रसाद खंगार ने समस्त खांगर समाज व विकास समिति के पदाधिकारियो से अधिक से अधिक संख्या में गाडरवारा मे होने जा रहे कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है ।